‘वर्टेब्रोप्लास्टी’ सर्जरी

चर्चा में क्यों?

26 अक्टूबर, 2021 को रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग में कशेरुक फ्रैक्चर के लिये पहली सफल ‘वर्टब्रिोप्लास्टी’ सर्जरी की गई।

प्रमुख बिंदु

- संस्थान के एक इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विविक पात्रे ने बताया कि तिल्दा-नेवरा (रायपुर) की 70 वर्षीय शकीला पाल की रीढ़ की हड्डी में हुए फ्रैक्चर के लिये एक न्यूनतम इनवेसिव वर्टेब्रोप्लास्टी सर्जरी की गई, जिसके लिये एक इमेज गाइडेड वर्टेब्रोप्लास्टी प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया।
- इस उपचार के लिये मरीज़ से कोई ऑपरेशन शुल्क नहीं लिया गया था, क्योंकि रोगी को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत कवर किया गया था, जबकि अपनाई गई प्रक्रिया के आधार पर ऑपरेशन की न्यूनतम लागत 2 से 3 लाख रुपए तक आती है।
- इमेज गाइडेड वर्टेब्रोप्लास्टी प्रक्रिया में फ्रैक्चर साइट पर एक खोखली सुई के माध्यम से हड्डी में एक विशेष हड्डी सीमेंट इंजेक्ट किया जाता है। सीमेंट उस जगह पर जम जाता है, जिससे टूटी हड्डियों को सहारा मिलता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vertebroplasty-surgery